**बिहार सरकार**

**बिहार संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद**

**आई0ए0एस0संघ भवन, पटना हवाई अड्डा के निकट, पटना–14**

**Website : bceceboard.bihar.gov.in / Helpdesk : helpdesk.bceceboard@bihar.gov.in**

**विज्ञापन संख्या–बी.सी.ई.सी.ई.बी.(बी.सी.ई.सी.ई.[LE])–2025/09 दिनांक– 26.08.2025**

# बिहार संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा [पार्श्विक प्रवेश] – 2025
## BCECE (LE)–2025 [BLE (Para Medical) / BLE (Pharmacy) Degree Course]
## के परीक्षाफल के आधार पर Offline Counselling कार्यक्रम सम्बन्धी आवश्यक सूचना

## कॉउन्सेलिंग कार्यक्रम

विज्ञापन संख्या–बी.सी.ई.सी.ई.बी.(बी.सी.ई.सी.ई.[LE])–2025/06 दिनांक– 01.07.2025 के क्रम में बिहार संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा (पार्श्विक प्रवेश)[बी.सी.ई.सी.ई.(एल.ई.)]–2025 के अंतर्गत बी.सी.ई.सी.ई.(एल.ई)[Para Medical]-2025 एवं बी.सी.ई.सी.ई.(एल.ई) [Pharmacy]-2025 में सम्मिलित पात्रता–प्राप्त सभी अभ्यर्थियों / सम्बन्धित संस्थानों एवं सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि बी.सी.ई.सी.ई.(एल.ई)[Para Medical]-2025 एवं बी.सी.ई.सी.ई.(एल.ई) [Pharmacy]-2025 की प्रथम Offline Counselling दिनांक 05.09.2025 को पर्षद कार्यालय, आई.ए.एस.संघ भवन, पटना हवाई अड्डा के नजदीक, पटना–14 में आयोजित की जायेगी।

2. दिनांक 09.06.2025 को आयोजित बिहार संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा [पार्श्विक प्रवेश]–2025 के आधार पर द्विवर्षीय पारा मेडिकल डिप्लोमाधारी/ द्विवर्षीय फार्मेसी डिप्लोमाधारी सम्बन्धित डिग्री पाठ्यक्रम के द्वितीय वर्ष में पार्श्विक प्रवेश हेतु उम्मीदवारों के साक्षात्कार एवं पात्रता के सत्यापन के लिए विवरण पुस्तिका की कंडिका–11.5 के आलोक में निर्धारित विषयों के प्राप्तांकों के योग के आधार पर कोटिवार अलग–अलग मेधासूचियाँ नीचे प्रकाशित की जा रही हैं। मेधा–सूचियों में उम्मीदवारों के रौल नम्बर मेधा–क्रमानुसार ROW–WISE अंकित है।

3. आरक्षण के लागू प्रावधानों के अनुसार आरक्षित वर्गों के जो उम्मीदवार सामान्य कोटि (Unreserved [UR]) की मेधा–सूची में सम्मिलित हैं, उनके रौल नम्बर सामान्य (Unreserved [UR])कोटि की मेधा–सूची में तथा साथ ही उनकी संबंधित आरक्षित कोटि की मेधा– सूची में भी अंकित हैं। ऐसे उम्मीदवारों को नियमानुसार यह सुविधा रहेगी कि वे संस्थान/ पाठ्यक्रम के चुनाव में सामान्य कोटि (Unreserved [UR]) के मेधा क्रमांक पर कॉउन्सेलिंग / साक्षात्कार में अपनी आरक्षित कोटि का लाभ स्वेच्छानुसार तब तक ले सकते हैं जब तक अनारक्षित कोटि की सीटें रिक्त रहे। उल्लेखनीय होगा कि आरक्षण के नियमानुसार अनारक्षित कोटि की जो सीटें, आरक्षित कोटि के अभ्यर्थियों के jump over के कारण block हो जायेगा, वे सीटें आरक्षित कोटि की कॉउन्सेलिंग के दिन ही open होगा। अतः **आरक्षण कोटियों के वैसे अभ्यर्थी जो सामान्य कोटि (Unreserved [UR]) की मेधासूची में सम्मिलित है उनको अपने (Unreserved [UR]) मेधाक्रम के अनुसार निर्धारित तिथि को कॉउन्सेलिंग हेतु आना अनिवार्य है,** अन्यथा उनके मेधाक्रम के नीचे के मेधाक्रम वाले अभ्यर्थियों को सीटें आवंटित हो जायेंगी जिसके लिये वे स्वयं जिम्मेवार होंगे। साथ ही आरक्षित कोटि के वैसे अभ्यर्थी जो Block सीटों के साथ–साथ अपने आरक्षण कोटा के रिक्त सीटों के विरुद्ध सीट आवंटन की इच्छा रखते हैं, उन्हें अपने आरक्षित कोटा के कॉउन्सेलिंग के दिन भी आना होगा।

**4. अभ्यर्थियों के पाठ्यक्रम समूहवार / कोटिवार Offline कॉउन्सेलिंग / पात्रता सत्यापन तथा सीट आवंटन उपरोक्त के आलोक में निम्नांकित मेधासूची के आधार पर पर्षद कार्यालय, आई.ए.एस. संघ भवन, पटना हवाई अड्डा के निकट, पटना–14 में की जायेगी।**

## पारा मेडिकल स्नातक (Degree) स्तर

**DATE & TIME OF INTERVIEW : 05.09.2025 (10.00 A.M.) CATEGORY – DQ (MERIT ROW WISE)**

NIL

**DATE & TIME OF INTERVIEW : 05.09.2025 (10.00 A.M.) CATEGORY – Unreserved (MERIT ROW WISE)**

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 12000080 | 12000139 | 12000048 | 12000012 | 12000084 | 12000082 | 12000017 | 12000079 | 12000050 | 12000077 |
| 12000083 | 12000123 | 12000085 | 12000006 | 12000038 | 12000078 | 12000062 | 12000031 | 12000145 | 12000013 |
| 12000113 | 12000074 | 12000092 | 12000008 | 12000021 | 12000142 | 12000011 | 12000108 | 12000068 | 12000121 |
| 12000089 | 12000100 | 12000104 | 12000044 | 12000035 | 12000025 | 12000144 | 12000127 | 12000014 | 12000120 |
| 12000010 | 12000003 | 12000041 | 12000095 | 12000086 | 12000117 | 12000125 | 12000094 | 12000114 | |

**DATE & TIME OF INTERVIEW : 05.09.2025 (10.00 A.M.) CATEGORY – ST (MERIT ROW WISE)**

NIL

**DATE & TIME OF INTERVIEW : 05.09.2025 (10.00 A.M.) CATEGORY – SC (MERIT ROW WISE)**

12000078 12000113

**DATE & TIME OF INTERVIEW : 05.09.2025 (10.00 A.M.) CATEGORY – EBC (MERIT ROW WISE)**
12000080 12000012 12000084 12000050 12000006 12000062 12000031 12000145 12000074 12000008
12000011 12000108 12000089 12000100 12000104 12000127 12000010 12000086 12000125 12000094

**DATE & TIME OF INTERVIEW : 05.09.2025 (10.00 A.M.) CATEGORY – BC (MERIT ROW WISE)**
12000048 12000082 12000017 12000079 12000077 12000083 12000038 12000013 12000092 12000021
12000142 12000068 12000044 12000035 12000025 12000014 12000120 12000003 12000095 12000117
12000114

**DATE & TIME OF INTERVIEW : 05.09.2025 (10.00 A.M.) CATEGORY – RCG (MERIT ROW WISE)**
12000012 12000077 12000078 12000145 12000113 12000074 12000021 12000044 12000127 12000095
12000086 12000117 12000114

**DATE & TIME OF INTERVIEW : 05.09.2025 (10.00 A.M.) CATEGORY – EWS (MERIT ROW WISE)**
12000085 12000121 12000144 12000041

## फार्मेसी स्नातक (Degree) स्तर

**DATE & TIME OF INTERVIEW : 05.09.2025 (10.00 A.M.) CATEGORY – DQ (MERIT ROW WISE)**
13000016

**DATE & TIME OF INTERVIEW : 05.09.2025 (10.00 A.M.) CATEGORY – Unreserved (MERIT ROW WISE)**
13000024 13000003 13000055 13000052 13000018 13000054 13000007 13000025 13000047 13000017
13000020 13000011 13000001 13000028 13000015 13000036 13000019 13000016 13000009 13000056
13000053 13000042

**DATE & TIME OF INTERVIEW : 05.09.2025 (10.00 A.M.) CATEGORY – ST (MERIT ROW WISE)**
NIL

**DATE & TIME OF INTERVIEW : 05.09.2025 (10.00 A.M.) CATEGORY – SC (MERIT ROW WISE)**
13000019

**DATE & TIME OF INTERVIEW : 05.09.2025 (10.00 A.M.) CATEGORY – EBC (MERIT ROW WISE)**
13000024 13000025 13000047 13000028 13000036 13000016

**DATE & TIME OF INTERVIEW : 05.09.2025 (10.00 A.M.) CATEGORY – BC (MERIT ROW WISE)**
13000055 13000007 13000017 13000009 13000053

**DATE & TIME OF INTERVIEW : 05.09.2025 (10.00 A.M.) CATEGORY – RCG (MERIT ROW WISE)**
13000007 13000036 13000016 13000009 13000053

**DATE & TIME OF INTERVIEW : 05.09.2025 (10.00 A.M.) CATEGORY – EWS (MERIT ROW WISE)**
13000003 13000018 13000054 13000001 13000015 13000056

---

अभ्यर्थी निर्धारित कॉउन्सेलिंग तिथि को अपने Rank Card जो पर्षद के वेबसाईट पर उपलब्ध है एवं वांछित अभिलेख को लेकर पर्षद कार्यालय, आई.ए.एस. संघ भवन, पटना हवाई अड्डा के निकट, पटना-14 में निश्चित रूप से उपस्थित होना सुनिशिचित करेंगे, अन्यथा उनके किसी भी दावा पर विचार नहीं किया जायेगा ।

5. सीटों की औपबन्धिक संस्थानवार/ पाठ्यक्रमवार/ कोटिवार विवरणी पर्षद के वेबसाइट पर कॉउन्सेलिंग के पूर्व उपलब्ध करा दी जायेगी। Final सीटों की विवरणी में अगर किसी प्रकार का बदलाव होता है तो उसे कॉउन्सेलिंग के दिन अर्थात **05.09.2025** को पूर्वाह्न 10.00 पर्षद के वेबसाइट पर उपलब्ध करा दी जायेगी।

6. **BCECE (LE)–2025 [BLE (Para Medical) / BLE (Pharmacy) Degree Course]** में सम्मिलित पात्रता-प्राप्त सभी अभ्यर्थी पर्षद के Website : **bceceboard.bihar.gov.in** पर जाकर "**Rank Card of BCECE (LE) [Engg./ Para Medical/ Pharmacy]-2025**" Link पर Click करने के बाद अपना Roll No. एवं जन्म तिथि डालकर अपना Rank Card Download करने की सूचना दी जा चुकी है।

7. कॉउन्सेलिंग की तिथि को प्रत्येक उम्मीदवार को विवरण पुस्तिका के पृष्ठ 1 एवं 2 में उल्लिखित सक्षम पदाधिकारी / कार्यालय / संस्थान द्वारा निर्गत सभी निम्नांकित मूल प्रमाण-पत्र/ दस्तावेज एक-एक स्वसत्यापित फोटो प्रति के साथ लाना अनिवार्य है ।
   (i) मैट्रिक या समकक्ष परीक्षा का (क) प्रवेश-पत्र, (ख) अंक-पत्र तथा (ग) औपबंधिक प्रमाण-पत्र (जन्म तिथि प्रमाण हेतु)।
   (ii) इंटरमीडिएट / बी.एस-सी. या समकक्ष परीक्षा का (क) प्रवेश-पत्र, (ख) अंक-पत्र तथा (ग) औपबंधिक उत्तीर्णता प्रमाण-पत्र (यदि लागू हो)।
   (iii) AICTE से मान्यता प्राप्त संस्थान से त्रिवर्षीय डिप्लोमा अभियंत्रण पाठ्यक्रम की परीक्षा का (क) प्रवेश पत्र (Admit Card) (ख) अंक पत्र तथा (ग) औपबन्धिक उत्तीर्णता प्रमाण पत्र ।

*अथवा*

बिहार सरकार / भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त द्विवर्षीय पारा मेडिकल डिप्लोमा परीक्षा का (क) प्रवेश पत्र (Admit Card) (ख) अंक पत्र तथा (ग) औपबन्धिक उत्तीर्णता प्रमाण पत्र ।

*अथवा*

बिहार सरकार / भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त फार्मेसी डिप्लोमा परीक्षा के अंतिम परीक्षा का (क) प्रवेश पत्र प्रवेश पत्र (Admit Card) (ख) अंक पत्र तथा (ग) औपबन्धिक उत्तीर्णता प्रमाण पत्र ।

(iv) बिहार संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा [पार्श्विक प्रवेश]-2025 का प्रवेश-पत्र (Admit Card) तथा उसमें लगाए गए फोटोग्राफ की छः अतिरिक्त प्रतियाँ ।

(v) मूल जाति प्रमाण-पत्र (v) आवासीय प्रमाण-पत्र (vi) चरित्र प्रमाण-पत्र (vii) विवरण पुस्तिका के पृष्ठ 1 एवं 2 में वर्णित अन्य प्रमाण-पत्र, जहाँ लागू हों, यथा- विकलांगता कोटा (DQ) हेतु विकलांगता प्रमाण पत्र आदि । आरक्षित कोटि का लाभ लेने वाले प्रत्येक उम्मीदवारों के लिए यह आवश्यक है कि वे अपने स्थायी निवास के अंचलाधिकारी/ राजस्व अधिकारी के द्वारा विधिवत निर्गत मूल जाति प्रमाण पत्र साक्षात्कार / पात्रता सत्यापन के समय अवश्य जमा करें।

(viii) BCECE(LE)-2025 के लिए online दिये गये Application Form (Confirmation Page) की Hard Copy (ix) Rank Card of BCECE(LE)-2025 (x) The Verification Slip (जाँच-पर्ची) in 2 copies as downloded alongwith Biometric Form in one copy (xi) Copy of Aadhar Card साक्षात्कार के समय साथ लाना अनिवार्य है।

8. अंतिम रूप से चयनित होने के पहले प्रत्येक उम्मीदवार के मूल प्रमाण पत्रों की मूल प्रतियों तथा उनकी Identity की सत्यता की जाँच उनकी कॉउन्सेलिंग की तिथि को की जायेगी।
9. मेधा-सह-विकल्प के आधार पर अभ्यर्थी द्वारा काऊन्सेलिंग / साक्षात्कार के क्रम में चयनित पाठ्यक्रम के लिए नामांकन हेतु किये गये आवंटन को बाद में परिवर्तित नहीं किया जायेगा।
10. अगर कोई उम्मीदवार स्वयं उपस्थित नहीं होगा अथवा निर्धारित सक्षम पदाधिकारी द्वारा निर्गत प्रमाण-पत्र/ दस्तावेज प्रस्तुत नहीं करेगा, अथवा न्यूनतम अर्हता नहीं रखता है, अथवा उसकी पहचान / पात्रता स्थापित नहीं होती है, अथवा डाक्टरी जाँच में अयोग्य पाया जाता है तो वैसे उम्मीदवार की उम्मीदवारी स्वतः रद्द होगी।
11. **इस प्रकाशन में अंतर्निहित उम्मीदवारों को नामांकन की गारंटी नहीं है । प्रत्येक कोटि की सीटों की कुल स्वीकृत संख्या के विरुद्ध उपलब्ध अथवा उससे अधिक उम्मीदवारों को साक्षात्कार के लिए संभाव्य अनुपस्थिति को ध्यान में रखकर बुलाया गया है । फलस्वरूप ऐसे उम्मीदवारों का नामांकन उनके द्वारा सभी शर्तों को पूरा करने के अतिरिक्त मेधा-क्रम में उनसे ऊपर के उम्मीदवारों की अनुपस्थिति के परिणामस्वरूप खाली स्थान उपलब्ध रहने पर निर्भर होगा।**
12. साक्षात्कार के समय उम्मीदवार के मेधा-क्रम पर उपलब्ध रिक्त स्थानों में से बिहार संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा [पार्श्विक प्रवेश]-2025 की विवरण पुस्तिका की प्रावधानों के आलोक में उम्मीदवार द्वारा अभिवांछित/ इच्छित संस्थान एवं शाखा का आवंटन मेधा-सह-विकल्प के आधार पर किया जायेगा।
13. निर्धारित तिथि एवं समय पर उपस्थित नहीं होने वाले उम्मीदवारों को अनुपस्थित माना जायेगा और उनके मेधाक्रम पर उपलब्ध सीट को उनके नीचे के मेधाक्रम वाले अभ्यर्थी को दे दी जायेगी जिसके लिए अभ्यर्थी स्वयं जिम्मदार होंगे। परन्तु यदि कॉउन्सेलिंग चल रहा हो और कॉउन्सेलिंग अवधि में वे देर से पहुँचते हैं तथा पर्याप्त एवं अपरिहार्य कारण का साक्ष्य देते हैं तो उन्हें कॉउन्सेलिंग में उपस्थित होने दिया जायेगा, परन्तु ऐसे उम्मीदवार को संस्थान एवं पाठ्यक्रम का आवंटन उनके उपस्थित होने की तिथि एवं समय पर उपलब्ध रिक्तियों में से ही किया जायेगा। ऐसा कोई उम्मीदवार अपने मूल मेधा-क्रम के अनुरूप संस्थान एवं पाठ्यक्रम का हकदार नहीं होगा। अन्य सारी शर्तें समान रूप से लागू होंगी।
14. सम्बन्धित संस्थान में रिपोर्ट करने तथा वहाँ नामांकन की अन्तिम तिथि की जानकारी एवं अन्य सूचनाएँ कॉउन्सेलिंग के समय एवं सम्बन्धित संस्थान से प्राप्त की जा सकेगी। संस्थान के अन्य सभी शुल्क, विद्यालय/ महाविद्यालय परित्याग प्रमाण-पत्र (जहाँ उम्मीदवार तत्काल अध्ययन कर रहे हैं) एवं अन्य दस्तावेजों, जिनको जमा करने का निर्देश दिया जायेगा, को चयनित उम्मीदवारों द्वारा संस्थान में रिपोर्ट करने की तिथि एवं समय पर जमा करना अनिवार्य होगा।
15. उम्मीदवार को नामांकन हेतु चयनित होने के लिए विवरण पुस्तिका में अंकित सभी शर्तों/ प्रावधानों को संपुष्ट करना अनिवार्य होगा।
16. किसी भी विवाद में परीक्षा नियंत्रक, बिहार संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद, का निर्णय अंतिम एवं मान्य होगा ।
17. इस नामांकन हेतु सीटों तथा इनके नियमों एवं प्रावधानों में परिवर्तन करने का अधिकार बिहार सरकार एवं बिहार संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद के पास सुरक्षित है । नामांकन में बिहार सरकार द्वारा लागू आरक्षण नीति, राज्य सरकार के परिपत्रों तथा माननीय न्यायालय के आदेशों का पालन किया जाएगा।
18. मुद्रण अथवा टाईपोग्राफिकल अशुद्धियों के लिए अधोहस्ताक्षरी उत्तरदायी नहीं होंगे।

**परीक्षा नियंत्रक**